अमर उजाला
लखनऊ, 22 मार्च 2013



सिटी स्पोर्ट्स



आईआईएसआर के खेल परिसर में गोला फेंक में हिस्सा लेती खिलाड़ी।

# विशा ने स्वर्ण और इंदर ने रजत पदक जीता

लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी मेजबान टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान की वैज्ञानिक वी विशा कुमारी ने लंबी कूद और 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, इंदर सिंह ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में रजत पदक हासिल किया। टेबल टेनिस महिला एकल में मंजू ने रजत जीता। बैडमिंटन में चंद्रा गुप्ता, अनवर, हेम चंद्र, चमन सिंह और नेगी ने रजत पदक हासिल किया।

लखनऊ •शुक्रवार •22 मार्च 2013 हिन्दुस्तान

राजधानी खेल हलचल

# लखनऊ की विशा ने जीता स्वर्ण

**भारतीय** गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हो रहे खेलकूद में गुरुवार को लखनऊ की विज्ञानी वी. विशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लांग जम्प व सौ मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक जीते।

वहीं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के ही इंदर सिंह ने पुरुषों की सौ मीटर दौड़ और लांग जम्प में रजत पदक हासिल किए। बैडमिंटन में चंद्रा गुप्तास एसआई अनवर, हेमचंद पांडेय, चमन सिंह व नेगी ने दूसरा स्थान हासिल किया। संस्थान के ही आनंद मोहन ने टेबल टेनिस के सिंगल में रजत पदक जीता। फुटबाल में एनडीआरआई करनाल ने लखनऊ को हराकर खिताबी दौर में प्रवेश कर लिया। फुटबाल के दूसरे सेमीफाइनल में दलहन अनुसंधान कानपुर की टीम ने केंद्रीय मृदा लवण अनुसंधान करना को शिकस्त देकर फाइनल में पहुंच बनाई।

# महिला वर्ग में विशा को दोहरी सफलता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में चल रहे चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन घरेलू संस्थान के खिलाड़ियों ने कई खेलों में पदक जीत कर संस्थान का झंडा बुलंद किया। गुरुवार को प्रतियोगिता के शुरुआती सत्र में संस्थान की वैज्ञानिक वी. विशा कुमारी ने दोहरी सफलता हासिल करते हुए महिला वर्ग के लम्बी कूद प्रतियोगिता और 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम कर संस्थान को पदक दिलाने की शुरुआत की। वहीं घरेलू संस्थान (भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ) के इंदर सिंह ने पुरुष वर्ग के 100 मीटर दौड़ तथा लम्बी कूद में दो रजत प्राप्त कर पदक जीतना जारी रखा। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के खिलाड़ियों वी. विशा कुमारी और मंजू श्रीवास्तव ने अपना जौहर दिखाते हुए टेबल टेनिस (महिला डबल) में रजत पदक प्राप्त किया तो दूसरी ओर मंजू ने टेबल टेनिस (महिला सिंगल) में भी रजत पदक जीत कर संस्थान को गौरवान्वित की। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान द्वारा जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए बैडमिंटन टीम के खिलाड़ियों चन्द्रा गुप्ता, एस.आई. अनवर, हेमचंद्र पांडेय, चमन सिंह तथा श्रीनेगी ने अच्छे खेल का परिचय देते हुए बैडमिंटन में रजत पदक हासिल किया। संस्थान के ही एक अन्य खिलाड़ी आनन्द मोहन ने टेबल टेनिस (पुरुष सिंगल) में संस्थान को रजत पदक दिलाया। सिफेट लुधियान की दीपिका गोस्वामी महिला वर्ग के 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल की। 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में स्वर्ण का खिताब दलहन अनुसंधान, कानपुर के आरके सोरन को गया।

# गन्ना संस्थान की विशा को दोहरी स्वर्णिम सफलता

## संस्थानिक खेलकूद में मेजबान खिलाड़ियों का दबदबा

**लखनऊ ( डीएनएन )।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक वी. विशा कुमारी ने महिला वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता तथा 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतते हुए दोहरी स्वर्णिम सफलता अर्जित की।

भारतीय गन्न अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में चल रही संस्थानिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के इंदर सिंह ने पुरुष के 100 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद में दो रजत प्राप्त किए। टेबल टेनिस में वी. विशा कुमारी एवं मंजू श्रीवास्तव ने महिला युगल में रजत पदक जीता तथा मंजू ने महिला एकल में भी रजत पदक जीता। आनंद मोहन को पुरुष एकल में रजत पदक मिला।

बैडमिंटन में मेजबान संस्थान के चंद्रा गुप्ता, एसआई अनवर, हेम चंद्र पाण्डेय, चमन सिंह तथा एस.नेगी ने रजत पदक वहीं हासिल किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर पुरुष दौड़ में दलहन अनुसंधान, कानपुर के आरके ने स्वर्ण, 400 मीटर पुरुष दौड़ में एनडीआरआई, करनाल के रजनीश ने स्वर्ण व सुशील कुमार को रजत व एनबीएजीआर, करनाल के योगेंदर को कांस्य, महिला डिस्कस थ्रो में रेखा वर्मा ने पहला, श्यामलता ने दूसरा, चंचल ने तीसरा, पुरुष डिस्कस थ्रो में संदीप देसवाल ने स्वर्ण, मोहन लाल ने रजत, राजेश कुमार ने कांस्य जीता। फुटबॉल में पहले सेमीफाइनल में एनडीआरआई, करनाल की टीम ने आईआईएसआर, लखनऊ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

www.samaylive.com

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण

ादून • वाराणसी से प्रकाशित

लखनऊ । शुक्रवार • 22 मार्च • 2013

# विशा कुमारी को दोहरी सफलता

**सरोजनीनगर-लखनऊ (एसएनबी)।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की वैज्ञानिक वी. विशाकुमारी ने गुरुवार महिला वर्ग में लम्बी व 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। परिसर में चल रहे चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन संस्थान के इन्दर सिंह ने पुरुष वर्ग के 100 मीटर दौड़ तथा लम्बी कूद में दो रजत,वी. विशाकुमारी एवं मंजू श्रीवास्तव ने अपना जौहर दिखाते हुए टेबल टेनिस (महिला डबल) में रजत पदक तथा मंजू ने टेबल टेनिस (महिला सिंगल) में भी रजत पदक जीता। बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी चन्द्रा गुप्ता, एसआई अनवर, हेमचन्द्र पाण्डेय, चमन सिंह तथा नेगी ने अच्छे खेल का परिचय देते हुए बैडमिंटन में रजत पदक हासिल किया। वहीं संस्थान के ही एक अन्य खिलाड़ी आनन्द मोहन ने टेबल टेनिस (पुरुष सिंगल) में संस्थान को रजत पदक दिलाया। सिफेट लुधियान की दीपिका गोस्वामी महिला वर्ग के 100 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा पुरुष वर्ग में दलहन अनुसंधान कानपुर के आरके सोरन ने स्वर्ण, 400 मीटर पुरुष दौड़ में एनडीआरआई, करनाल के रजनीश ने स्वर्ण तथा सुशील कुमार ने रजत पदक जीता। एनबीएजीआर, करनाल के ही योगेन्दर को कांस्य पदक मिला।